Email-uttaranchaldeep@gmail.com

दैनिक
# उत्तरांचल दीप
हर बार असरदार

देहरादून बुधवार, 14 सितंबर 2016 वर्ष-2, अंक-152 पृष्ठ-12 मूल्य- 2 रुपये

## अब रोशनी से जगमगाएंगे भारत-नेपाल बार्डर के गांव

**एसएसबी व स्केल संस्था की ओर से सुदूरवर्ती क्षेत्र के प्रधानों को बांटी गई 250 सोलर लाइट्स**

उत्तरांचल दीप ब्यूरो

हल्द्वानी। भारत-नेपाल बार्डर से लगे गांवों में विकास की किरण पहुंचाने की कवायद की जा रही है। इस क्रम में एसएसबी व स्केल संस्था के सहयोग से सुदूरवर्ती 10 गांवों के प्रधानों को 250 सोलर लाइटों का वितरण किया गया। काठगोदाम आवागमन शिविर में मंगलवार को आयोजित कार्यक्रम में सशस्त्र सीमा बल सीमांत मुख्यालय रानीखेत के अंतर्गत पड़ने वाली 5वीं वाहिनी चंपावत, 11वीं वाहिनी डीडीहाट व 49वीं वाहिनी पीलीभीत के भारत-नेपाल सीमा स्थित सुदूर गांव चूखा, खेती, सीमा, गंगसेर, संगसम, गुंजी, गर्ब्यांग, किरतपुर, कोहिपुर के लिए 250 सोलर लाइट्स वितरित की गईं। इस मौके पर महानिरीक्षक एसएसबी श्याम सिंह ने बताया कि एसएसबी भारत-नेपाल सीमा की सुरक्षा के साथ-साथ सुदूर क्षेत्रों के ग्रामीणों के कल्याण व विकास कार्यों के लिए समय-समय पर प्रयासरत है। उन्होंने सोलर उपकरण उपलब्ध कराने के लिए स्केल संस्था का आभार जताया। इस मौके पर एसएसबी के उपमहानिरीक्षक डॉ. पीके सेशन, उप महानिरीक्षक सतर्कता वीके शर्मा, संतोष कंवर शेखावत, स्केल के सेक्रेटरी जनरल अरुण सिन्हा, एसएस राय, संदीप रावत, प्रेम चंद्र, स्केल संस्था के तरुण सिन्हा, अनूप चौधरी मौजूद थे। इनके अलावा ग्राम प्रधान प्रहलाद राम, लक्ष्मी देवी, झामा देवी, अर्चना गुंज्याल, पुष्पा देवी, सोम देवी, राम नारायण, बसंत राम आदि मौजूद थे। गौरतलब है कि पिछले साल भी इस संस्था ने भारत-चीन सीमा के सटे गांवों में आईटीबीपी की मदद से सोलर लाइटिंग की बेहतर व्यवस्था की थी।



काठगोदाम में ग्राम प्रधानों को सोलर लाइटें वितरित करते एसएसबी के अफसर। उत्तरांचल दीप